हरिभूमि
विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 7 जुलाई 2026

06 नगर के पत्रकारों, समाजसेवियों पर्यावरण ...

07 अतिक्रमण की मारः गलियां निगली अब घरों में...

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

खबर संक्षेप

पीएचई विभाग की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों में आई कमी

विदिशा। पीएचई विभाग में वर्ष 2026 के मार्च से जून के दौरान सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों में पिछले वर्ष की तुलना में 16.7% की कमी दर्ज की गई है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2025 में इस अवधि में कुल 2 हजार 176 शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जबकि वर्ष 2026 में यह संख्या घटकर 1 हजार 812 रह गई। इस प्रकार कुल 364 शिकायतें कम दर्ज हुईं। मार्च में शिकायतें 668 से घटकर 436, अप्रैल में 594 से 445 तथा जून में 440 से घटकर 379 रहीं। हालांकि मई माह में शिकायतों की संख्या 474 से बढ़कर 552 हो गई। विभाग का कहना है कि आगामी महीनों में भी शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर विशेष जोर दिया जाएगा।

एक ही स्थान पर होगा समस्याओं का समाधान

विदिशा। किसानों और आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के उद्देश्य से 10 जुलाई को एलबीएस कॉलेज परिसर गंजबासौदा में जनकल्याण शिविर आयोजित होगा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने और प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिविर में राजस्व, स्वास्थ्य, कृषि, पंचायत, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय, विद्युत, खाद्य, श्रम सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगेंगे, जहां शिकायतों का निराकरण और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा।

विद्यालय में प्रतियोगिता हुई, पौधारोपण किया

विदिशा। सावित्री महिला मंडल के सहयोग से शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय बैहलोट में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई। लक्ष्मी शर्मा, वंदना तिवारी, रश्मि देशपांडे और प्रधानाध्यापक काशीराम मालवीय ने डॉ. मुखर्जी के जीवन व राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों को उनकी जीवनी पर लघु फिल्म दिखाई गई तथा निबंध प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें रितिका विश्वकर्मा प्रथम रहीं। विजेता को शील्ड व प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। अंत में परिसर में पौधारोपण किया गया।

कृषि वैज्ञानिकों ने दी आधुनिक खेती की तकनीकी जानकारी

विदिशा। सोमवार को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली के कृषि वैज्ञानिकों ने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके बाद ग्राम बामोरा और पांझ में किसानों को कृषि एवं उद्यानिकी फसलों की उन्नत तकनीकों, उत्पादन बढ़ाने के उपाय, आधुनिक खेती, फसल प्रबंधन तथा वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और व्यावहारिक समाधान भी बताए।

बिजली गिरने से जा रहीं जानें, प्रशासन ने जारी की एडवायजरी, बचाव के लिए विभागों को जारी दिए निर्देश, सुरक्षा से ही बच सकती है जान

समय पर चेतावनी और पूर्व तैयारी से कम होगा जान-माल का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

लगातार बढ़ रहीं बिजली और बज्रपात की घटनाओं को देखते हुए राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने निर्देश जारी किए हैं।

जारी निर्देशों में कहा गया है कि अधिकांश हादसे खेतों और खुले स्थानों पर कार्य करने वाले लोगों के साथ हुए हैं। ऐसे में समय पर चेतावनी, लोगों को जागरूक करने और स्थानीय स्तर पर प्रभावी तैयारी से इन घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को निर्देश दिए गए हैं कि चेतावनी अवधि के दौरान जिला नियंत्रण कक्ष 24 घंटे सक्रिय रहे। सभी मैदानी कर्मचारियों को आकाशीय बिजली की पूर्व सूचना देने वाले मोबाइल एप का उपयोग करने तथा आम नागरिकों को भी इसे अपने मोबाइल में डाउनलोड करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

ग्रामीण क्षेत्रों में लाउडस्पीकर, सामाजिक माध्यमों से लोगों तक चेतावनी पहुंचाई जाएगी। किसानों को विशेष रूप से सलाह दी गई है कि चेतावनी मिलने पर तुरंत सुरक्षित स्थान पर चले जाएं और पेड़ों के नीचे, खुले मैदान, जलाशयों तथा धातु की वस्तुओं के संपर्क से दूर रहें। धान रोपाई सहित जल से जुड़े सभी कार्य चेतावनी अवधि में स्थगित रखने के निर्देश दिए गए हैं।

बहुमंजिला इमारतों पर तड़ित चालक लगाने के निर्देश

नगरीय विकास विभाग को बहुमंजिला भवनों में तड़ित चालक लगाने, पुराने भवनों और होर्डिंग की मजबूती की जांच कराने तथा सार्वजनिक स्थलों पर प्राथमिक उपचार पेटी और सुरक्षा संबंधी सूचना पट्ट लगाने के निर्देश दिए गए हैं। विद्यालयों में विद्यार्थियों और शिक्षकों को प्राकृतिक आपदाओं से बचाव का प्रशिक्षण देने, सुरक्षित स्थान चिन्हित करने, प्राथमिक उपचार की व्यवस्था रखने तथा चेतावनी मिलने पर सभी बाहरी गतिविधियां रोकने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं स्वास्थ्य विभाग को अस्पतालों में पर्याप्त चिकित्सकीय अमला, एंबुलेंस और आपात उपचार की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को गांवों में दीवार लेखन, पोस्टर, जन-जागरूकता अभियान चलाने, पंचायत भवनों और सार्वजनिक भवनों में तड़ित चालक लगाने तथा लोगों को नदी, तालाब, कुओं और ऊंचे पेड़ों से दूर रहने के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं। लोक निर्माण विभाग को शासकीय भवनों की जांच, तड़ित चालक की स्थापना और आपदा के बाद सड़क एवं पुलों को शीघ्र चालू कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सावधानी ही सुरक्षा

- आकाशीय बिजली की चेतावनी मिलते ही खुले स्थान से तुरंत सुरक्षित भवन में जाएं।
- पेड़, बिजली के खंभे, जलाशय और धातु की वस्तुओं से दूर रहें।
- खेतों में कार्य, विशेषकर धान रोपाई और पानी से जुड़े कार्य तत्काल रोक दें।
- ट्रैक्टर, खुले वाहन और टीन की छत वाले अस्थायी आश्रय में शरण न लें।
- प्रशासन द्वारा जारी चेतावनियों का पालन करें।

सीएम हेल्पलाइन के मामलों का जल्द निराकरण और स्कूलों में फर्नीचर उपलब्ध कराने के निर्देश

1723 स्कूलों में फर्नीचर की कमी छात्रों को साइकिल मिलीं न किताबें

हर बार आधा सत्र बीत जाने के बाद मिल पाती हैं साइकिलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर ने सोमवार को शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए प्रवेश और विद्यालयों की व्यवस्थाओं पर चर्चा की।

बैठक में जिला शिक्षा केंद्र द्वारा विद्यालयों में फर्नीचर की उपलब्धता संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। जिले के 1 हजार 829 विद्यालयों की 5 हजार 523 कक्षाओं का परीक्षण किया गया। इनमें 3 हजार 800 कक्षाओं में पर्याप्त फर्नीचर उपलब्ध है, जबकि 1 हजार 723 कक्षाओं में अभी भी फर्नीचर की कमी है। वहीं 172 विद्यालयों से सत्यापित फीडबैक प्राप्त नहीं हुआ है। जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में शत-प्रतिशत विद्यार्थियों का प्रवेश और नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकें, साइकिल, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, समग्र आईडी सहित शासन की सभी सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने सभी शासकीय विद्यालयों में निर्बाध बिजली आपूर्ति और प्रत्येक कक्षा में पंखों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके।

विदिशा। बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर श्री गुप्ता।

कई विभागों की योजनाओं की भी हुई समीक्षा

बैठक में खाद्य, कृषि, उद्यानिकी, श्रम, सहकारिता, उच्च शिक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन विभाग तथा नगरीय निकायों की योजनाओं एवं कार्यों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी विभागों को शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं बासौदा विकासखंड से अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर एवं जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

जिले के 1,723 स्कूलों में फर्नीचर का अभाव

बैठक के दौरान कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने अन्य विभागों की समीक्षा की।

उन्होंने सीएम हेल्पलाइन, सीएम मॉनिटर, सांसद, प्रभारी मंत्री एवं अन्य वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त लंबित आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश देते हुए कहा कि आमजन की शिकायतों का समयबद्ध और संतोषजनक समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। कलेक्टर ने सभी विभागों को जनहित से जुड़े मामलों में जवाबदेही के साथ कार्य करने और तय समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए।

लटेरी विकासखंड की स्थिति चिंताजनक

आंकड़ों के अनुसार विदिशा विकासखंड में सर्वाधिक 913 कक्षाओं में पर्याप्त फर्नीचर उपलब्ध है। इसके बाद सिरोंज में 691, बासौदा में 545, नटेरन में 521 तथा कुरवाई में 508 कक्षाओं में पर्याप्त फर्नीचर उपलब्ध होने की जानकारी दी गई। दूसरी ओर लटेरी विकासखंड की स्थिति सबसे अधिक चिंताजनक पाई गई, जहां 581 में से 369 कक्षाओं में फर्नीचर का अभाव है। सिरोंज में 541, विदिशा में 293, बासौदा में 271, नटेरन में 141 तथा कुरवाई में 108 कक्षाओं में भी फर्नीचर की कमी दर्ज की गई। ग्यारसपुर विकासखंड जिले का एकमात्र ऐसा क्षेत्र रहा, जहां सभी 410 कक्षाओं में पर्याप्त फर्नीचर उपलब्ध होने की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन स्कूलों में फर्नीचर और अन्य सुविधाओं का अभाव है, वहां प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक व्यवस्थाएं शीघ्र सुनिश्चित की जाएं।

पाइपलाइन मरम्मत के दौरान धंसी मिट्टी, एक मजदूर गंभीर

करैयाखेड़ा रोड पर गहरे गड्ढे में दबा नगरपालिका का मजदूर, मेडिकल कॉलेज में चल रहा उपचार

विदिशा। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से मजदूर को बाहर निकाला गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

करैयाखेड़ा रोड पर सोमवार दोपहर पेयजल पाइपलाइन की मरम्मत के दौरान बड़ा हादसा हो गया। गड्ढे में काम कर रहे नगरपालिका के एक मजदूर पर अचानक मिट्टी और मलबा गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल मजदूर को तत्काल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार नगरपालिका की टीम सोमवार दोपहर करीब 3 बजे करैयाखेड़ा रोड पर क्षतिग्रस्त पेयजल पाइपलाइन की मरम्मत कर रही थी। इसी दौरान गड्ढे में काम कर रहे मजदूर मोहर सिंह कुशवाह पर अचानक मिट्टी और मलबा भरभराकर गिर गया, जिससे वह उसके नीचे दब गया। घटना की सूचना मिलते ही पार्षद प्रतिनिधि संजय अग्रवाल और राजेश लोधी मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से मजदूर को गड्ढे से सुरक्षित बाहर निकाला गया। इसके बाद एंबुलेंस से उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया।

संभलने नहीं मिला मौका

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, मिट्टी इतनी तेजी से धंसी कि गड्ढे में काम कर रहे मजदूर को संभलने या बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिला। फिलहाल मेडिकल कॉलेज में उसका उपचार जारी है। इधर शहर में भी सीवेज लाइन के कई चेंबर धंसके हुए हैं। जिसके आसपास जलभराव भी हो रहा है। बारिश के दौरान भारी वाहन निकलने पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

लोधी युवा महासभा के प्रदेशाध्यक्ष गिरफ्तार समाजजनों ने ज्ञापन सौंपकर जताया विरोध

बांदरी थाना प्रभारी को निलंबित करने की मांग, कलेक्टर से मिल रखी समाज की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

दो वर्ष पुराने मामले में की गई लोधी युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सर्वजीत सिंह की गिरफ्तारी के विरोध में सोमवार को लोधी महासभ विदिशा ने डिप्टी कलेक्टर नितिन जैन को ज्ञापन सौंपा।

इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर अंशुल गुप्ता से मुलाकात कर पूरे मामले से अवगत कराया और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की। जिला अध्यक्ष प्रकाश लोधी ने कहा कि इस प्रकरण में सागर जिले के बांदरी थाना प्रभारी को तत्काल निलंबित किया जाना चाहिए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की कार्रवाई की पुनरावृत्ति न हो। ज्ञापन सौंपने के दौरान खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संदीप डोंगर सिंह, प्रदेश सचिव मेहताब सिंह नरवरिया, प्रदेश प्रचार मंत्री महेंद्र लोधी, जिला महामंत्री निरंजन सिंह लोधी, दीपू वर्मा, उमेश लोधी, विष्णु सिंह लोधी, सुरेंद्र लोधी, विकास लोधी, गोलू लोधी, सरपंच हुकुम सिंह लोधी, कोक सिंह लोधी, मुकेश लोधी, शिवराज लोधी, मोहित लोधी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

रोज निकल रहा 35 टन कचरा, वैकल्पिक ग्राउंड तक जाने का रास्ता ही नहीं, नपा परिसर में खड़ीं कचरे से भरी ट्रॉलियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

ट्रेंचिंग ग्राउंड नहीं होने से शहर की सफाई व्यवस्था संकट में पड़ गई है। नगरपालिका प्रतिदिन करीब 35 टन कचरा एकत्र करती है, लेकिन स्थायी डंपिंग स्थल नहीं होने के कारण उसका निस्तारण नहीं हो पा रहा है।

हालात ऐसे हैं कि कचरे से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली और डंपर नगरपालिका परिसर में ही खड़े हैं। नगरपालिका के सफाई कर्मचारी रोजाना घर-घर और सार्वजनिक स्थानों से कचरा एकत्र करते हैं। इसके लिए करीब आधा दर्जन ट्रैक्टर-ट्रॉली और चार बड़े डंपर लगाए जाते हैं। पहले सोठिया क्षेत्र के पास कचरा डंप किया जाता था, लेकिन ग्रामीणों के विरोध और मानवाधिकार आयोग में शिकायत के बाद यह व्यवस्था बंद कर दी गई। इसके बाद जतरापुरा और मिर्जापुर को वैकल्पिक डंपिंग स्थल बनाया गया। हालांकि, लगातार बारिश के कारण इन स्थानों तक जाने वाले रास्ते बंद हो गए। इससे कचरे से भरे वाहनों को नगरपालिका परिसर में ही खड़ा करना पड़ा।

रंगई में कचरा डंपर करने पर हुआ विरोध

नगरपालिका ने रंगई मंदिर के सामने सुआखेड़ी क्षेत्र में कचरा डालने का प्रयास किया। दो ट्रॉली कचरा डंप करने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और विरोध शुरू कर दिया। विरोध बढ़ने पर नगरपालिका की टीम को वाहन वापस लेकर लौटना पड़ा। इसके बाद गेहूंखेड़ी क्षेत्र का भी निरीक्षण किया गया। वहां गहरी खंतियां और खराब रास्तों के कारण वाहन नहीं पहुंच सके। निरीक्षण के दौरान वहां भी ग्रामीणों ने विरोध जताया और नगरपालिका टीम के साथ अभद्र व्यवहार किया।

कला जगत में शोकः पद्मविभूषण तीजन बाई को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

विश्वविख्यात लोक गायिका एवं पद्मविभूषण सम्मानित तीजन बाई के निधन पर पं. गंगाप्रसाद पाठक ललित कला न्यास द्वारा श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।

सभा में कला एवं साहित्य जगत से जुड़े लोगों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान को अविस्मरणीय बताया।

न्यास के कार्यकारी अध्यक्ष गोविंद देवलिया ने कहा कि तीजन बाई ने पंडवानी गायन को विश्व मंच तक पहुंचाकर यह सिद्ध किया कि साधना और समर्पण से लोककला भी वैश्विक पहचान बना सकती है। सुनील जैन ने कहा कि उन्होंने अनेक संघर्षों और कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए कला की सर्वोच्च ऊंचाइयों को प्राप्त किया।

चक्रवर्ती जैन ने उनके निधन को देश के कला जगत की अपूरणीय क्षति बताया। अरविंद द्विवेदी ने कहा कि उनका संघर्ष नई पीढ़ी के कलाकारों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। श्रद्धांजलि सभा में सुदिन श्रीवास्तव, विदिशा की विरासत समूह एवं बज़्म-ए-अदब के प्रतिनिधियों ने भी तीजन बाई को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

किसान संघ ने बज्रपात से निधन पर शीघ्र सहायता देने सहित कई मांगें रखीं

खाद, बिजली, सिंचाई, फसल बीमा पर हुई चर्चा, भारतीय किसान संघ ने सीमांकन से मुआवजे तक कई मुद्दे उठाए

प्रदेश में सर्वाधिक डीएपी आपूर्ति अब तक विदिशा जिले में की गई है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

खरीफ सीजन में किसानों को खाद, बिजली, सिंचाई, फसल बीमा और समर्थन मूल्य पर उपज विक्रय से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए सोमवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। इसमें किसान संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ कृषि, ऊर्जा, जल संसाधन एवं अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टर ने अधिकारियों को किसानों की शिकायतों का समय पर निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों से मिट्टी परीक्षण के आधार पर संतुलित मात्रा में उर्वरकों के उपयोग की अपील की कृषि विभाग को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुरूप किसानों को जागरूक करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में डीएपी खाद की उपलब्धता पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में सर्वाधिक डीएपी आपूर्ति अब तक विदिशा जिले में की गई है। किसानों को डीएपी के वैकल्पिक उर्वरकों तथा नैनो डीएपी के उपयोग की सलाह दी गई। कलेक्टर ने कृषि क्षेत्र में नवाचार अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि जिले के किसान नई तकनीकों का अधिक से अधिक उपयोग करें।

बैठक में भारतीय किसान संघ ने सीमांकन में आ रही समस्याएं, जरीब से सीमांकन कराने, खरीफ-2025 की अतिवृष्टि से प्रभावित फसल का बीमा मुआवजा, रजिस्ट्री के बाद समय पर नामांतरण, ग्रीष्मकालीन मूंग की शत-प्रतिशत खरीदी, मंडियों में बीओटी धर्मकांटों से तुलाई तथा शमशाबाद के करैया निवासी लाखन सिंह बंजारा के वज्रपात से निधन पर उनके परिवार को शीघ्र आर्थिक सहायता देने सहित कई मांगें रखीं।

नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी का स्वागत

विदिशा। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा द्वारा जिले के नव नियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी एनके अहिरवार का स्वागत किया गया। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने फूल गुच्छे भेंटकर एवं मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष पृथ्वी सिंह रघुवंशी, नवल रघुवंशी, कृष्ण गोपाल राय, केशव रघुवंशी, चंद्रभूषण किरार, अमर सिंह तोमर, विनय सक्सेना, एलएस अहिरवार सहित संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1920
उच्चतम भाव-6910
सरसों
न्यूनतम भाव-6000
उच्चतम भाव-7651
चना
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-5714
मसूर
न्यूनतम भाव-3960
उच्चतम भाव-9370
शरबती
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-4891
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-1850
उच्चतम भाव-2800
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2402
उच्चतम भाव-2434
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-3100
बटरी
न्यूनतम भाव-1850
उच्चतम भाव-3700
धनिया
न्यूनतम भाव-11500
उच्चतम भाव-14200
धान
न्यूनतम भाव-1100
उच्चतम भाव-4150
मक्का
न्यूनतम भाव-1250
उच्चतम भाव-1926
तुअर
न्यूनतम भाव-5150
उच्चतम भाव-5150
मटर
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-3510
मूंग
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-6899
अलसी
न्यूनतम भाव-7000
उच्चतम भाव-7000
जौ
न्यूनतम भाव-2220
उच्चतम भाव-2220

कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में सोमवार को बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में कुल 11881 क्विंटल उपज की आवक दर्ज की गई।

वरिष्ठ पत्रकार स्व. अनिल यादव की जन्म जयंती पर हुआ भव्य आयोजन

नगर के पत्रकारों, समाजसेवियों पर्यावरण प्रेमियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरण विशेषज्ञ अनिल यादव की 72वीं जयंती के उपलक्ष्य में प्रेस क्लब गंजबासौदा एवं अनिल दाऊ सोशल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा सोमवार को मदन भैया क्लब पार्क में पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रदेश, जिला एवं स्थानीय स्तर के वरिष्ठ पत्रकारों सहित नगर में समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण एवं जनहित के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, मध्यप्रदेश खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के उपाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह जादौन, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेंद्र सिंह रघुवंशी, वरिष्ठ पत्रकारगण गिरीश उपाध्याय, श्याम बोहरे, मृगेंद्र सिंह, अजय बोकिल, सतीश ऐलिया, चक्रेश महोबिया, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कप्तान सिंह यादव उपस्थित थे।

सभी अतिथियों ने मां सरस्वती एवं नारद मुनि की पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद स्व अनिल यादव की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर उन्हें भावपूर्व श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद कार्यक्रम को आरंभ करते हुए नपा में सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव ने अपने बडे भाई स्व अनिल यादव के जीवन परिचय को बताते हुए कहा कि वे जय नारायण आंदोलन से बहुत प्रभावित रहे हैं। इसी को देखते हुए उन्होंने शटल रोको अभियान की शुरुआत की जिसको लेकर वह जेल भी गए। वह भाजपा के प्रथम नगर मंडल अध्यक्ष भी रहे और इसके बाद राजनीति से दूर होकर उन्होंने 1984 से पत्रकारिता की शुरुआत की और बाद में डॉक्यूमेंट्री फिल्म निर्माण भी किए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने कहा कि अनिल यादव हमेशा पिछड़ों के प्रति एवं पर्यावरण के प्रति गंभीर रहते थे। उनकी दूरदर्शिता यह थी कि वर्षों पहले ही उन्होंने बासौदा में टेक्नोलॉजी को लेकर काम करना चालू कर दिया था। भाजपा के संगठन को तैयार करने में उनका बहुत बड़ा योगदान है। आज जितना बड़ा संगठन है उसमें उनका योगदान बहुत बड़ा है।

वहीं नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने कहा कि जीवनसाथी के रूप में वह एक बहुत अच्छे इंसान रहे। मेरा पूरा शहर बासौदा एक परिवार है। यहां पर सब अपने है आप सभी के सहयोग से ही नगर के विकास कार्य चल रहे हैं और आगे भी आपका सहयोग इसी तरह मिलता रहे जिससे यह विकास का क्रम आगे भी चलते रहे।

वरिष्ठ पत्रकार गोविंद नायक ने अपने संस्मरण सुनाते हुए बताया कि अनिल यादव से जुड़ाव कच्ची पक्की से लेकर ग्रेजुएशन तक साथ पढ़ते हुए रहा है। पत्रकारिता को लेकर उनका ध्येय काफी सकारात्मक रहा था। वहीं डॉ राकेश सिंह जादौन ने कहा कि सामाजिक समरसता का एक बहुत अच्छा उदाहरण अनिल यादव रहे हैं। उन्होंने जातिवाद खत्म करने को लेकर हमेशा बढ़ावा दिया उनसे ही समरसता की प्रेरणा मिली है। कार्यक्रम का संचालन कवि आशीष दुबे ने किया और उपस्थितों का आभार प्रेस क्लब अध्यक्ष नीतेश नायक ने माना। इसके बाद सभी अतिथियों ने मदन भैया पार्क में स्व अनिल यादव की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में हरसिंगार के पौधे का रोपण भी किया। इस दौरान नगर एवं भोपाल, विदिशा एवं अन्य नगरों के पत्रकारों, समाजसेवियों, पर्यावरण प्रेमियों, समाज में उल्लेखनीय कार्य करने वाली विभूतियों का सम्मान भी किया गया।

आप नगर में रहकर भी अनिल यादव बन सकते हैं

गंजबासौदा। वरिष्ठ पत्रकार गिरीश उपाध्याय ने कहा कि पत्रकारिता में पत्रकार का सबसे बड़ा जुनून है ऑब्जरवेशन। खबर को किस तरह से और कैसे विश्लेषण करना है यह अनिल यादव को पता था। आप छोटी जगह पर रहकर भी बड़ा काम कर सकते हैं। यह स्व यादव जी ने करके दिखाया है। पत्रकार को। दूरदर्शी होना चाहिए। सामाजिक समरसता का एक बहुत अच्छा उदाहरण अनिल यादव के रूप में देखा जा सकता है वह जल जमीन और जंगल से जुड़े हुए थे समाज समाज के साथ जुड़ना ही पत्रकारिता है। वहीं वरिष्ठ पत्रकार अजय बोकिल ने कहा कि इस साल हिंदी पत्रकारिता के 200 साल पूरे हो गए हैं। हिंदुस्तानियों के हित को देखते हुए ही आज से 200 साल पहले अखबार निकाला गया था। पत्रकारिता में संवेदनशीलता, जिज्ञासा, नजरिया, लगन यह सब देखकर ही पत्रकारिता में आना चाहिए। यह सब अनिल यादव में दिखाई देता था। जो लोग भी पत्रकारिता में आने की इच्छा है। उन्हें यह जानने और समझने की आवश्यकता है कि आप यह भूल जाएं कि दिल्ली, भोपाल या अन्य जगह काम करना है। आप गंजबासौदा में रहकर भी अनिल यादव बन सकते हैं।

छोटे से शहर से महानगरों तक पहचान बनाई

गंजबासौदा। वरिष्ठ पर्यावरण प्रेमी श्याम बोहरे ने अपने संबोधन में कहा कि अनिल यादव ने एक छोटे से शहर से महानगरों तक एक अलग पहचान बनाई। राष्ट्रीय उद्यानों में, जंगलों में, लोगों तक पहुंचे जहां कोई नहीं जाता और उन्होंने वहां पर उनकी पढ़ाई को लेकर बढ़ावा दिया। उन्होंने मामूली से कैमरे का उपयोग कर राष्ट्रीय स्तर तक की फिल्में बनाईं। आज यदि बासौदा के स्कूल में पर्यावरण को लेकर जागरूकता लानी होगी इसके लिए तैयारी करना जरूरी है। वहीं वरिष्ठ पत्रकार सतीश एलिया ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन जरूरी है। अच्छा लिखने के लिए और अपने आप जिम्मेदार बनाने के लिए माटी से जुड़ना बहुत जरूरी है जो हमने आज सीखा है, वह दूसरी पीढ़ी को देना हमारा फर्ज है। अनिल यादव ने वही किया उन्होंने खुद तो सीखा ही इसके साथ ही अपने से सीखा हुआ दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाया। जबकि वरिष्ठ पत्रकार चक्रेश महोबिया ने अनिल यादव से जुडे अपने संस्मरण सुनाए और कहा कि पत्रकार को प्रलोभन में नहीं उलझना है। सोचने की जरूरत है कि क्यों कोई आपको फ्री में पार्टी कराएगा। पत्रकार को हमेशा निष्पक्ष होना जरूरी है।

पांचवें दिन शाम को नगर में हुई झमाझम बारिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को पांचवे दिन नगर में सुबह से लेकर शाम तक तेज धूप निकली। जिससे नागरिकों को गर्मी और उसम के कारण परेशान होना पड़ा। वहीं शाम के समय मौसम में अचानक बदलाव आया और हवा और बिजली की गड़गड़ाहट के साथ झमाझम बारिश का दौर शुरु हो गया जो देर तक चलता रहा। जिससे नदी, नालों का जल स्तर बढ गया एवं सड़कें पानी से भर गईं।

मिलकर बनाएंगे सशक्त भारत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सन 2027 तक पूरे विकास खंड को शत प्रतिशत साक्षर बनाने के अभियान अंतर्गत जन शिक्षा केंद्र नौघई का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण मे जनशिक्षक समीर याज्ञनिक, अमित श्रीवास्तव ने उल्लास कार्यक्रम, साक्षरता अभियान अंतर्गत प्रत्येक गाँव मे साक्षरता सर्वे कर शत प्रतिशत अ साक्षर को सामाजिक चेतना केंद्रो पर दर्ज करने व उनको नियमित अध्ययन अध्यापन कार्य कर साक्षर बनाने रचनात्मक सहयोग करने की बात कही। गाँव के ही पढ़े लिखे लोगों को जो राष्ट्रीय हित के इस अभियान में अपना योगदान दे सकें अक्षर साथी बनाकर अ साक्षर को साक्षर बनाने वृहत अभियान चलाने पर जोर दिया। पूर्व साक्षरता समन्वयक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने एन आई एल पी एप पर सर्वे कैसै फीड करें? व आनलाइन सर्वे की बारीकी समझाई। साथ ही साक्षर भारत सशक्त भारत विकसित भारत बनाने का संकल्प दिलाया। उन्होंन बताया एनआईएलपी के मुख्य उद्देश्य और घटक इस कार्यक्रम का प्राथमिक लक्ष्य देश में केवल पढ़ना-लिखना सिखाना नहीं है, बल्कि वयस्कों को 21 वीं सदी के नागरिक के रूप में सशक्त बनाना है। इसके पांच प्रमुख घटक हैं बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान पढ़ने, लिखने और बुनियादी गणितीय कौशल का विकास करना। महत्वपूर्ण जीवन कौशल इसमें वित्तीय साक्षरता, डिजिटल साक्षरता, कानूनी साक्षरता, स्वास्थ्य जागरूकता और परिवार कल्याण शामिल हैं। व्यावसायिक कौशल स्थानीय स्तर पर रोजगार पाने और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने में मदद करना। बुनियादी शिक्षा वयस्क शिक्षार्थियों को समकक्ष स्तर (जैसे- कक्षा 3-5, 6-8 और 9-12 के बराबर) की शिक्षा प्रदान करना। सतत शिक्षा कला, विज्ञान, संस्कृति और खेल जैसी विभिन्न गतिविधियों में आजीवन सीखने के अवसर प्रदान करना। इस अवसर पर संजीव रघुवंशी, विनोद श्रीवास्तव, मनोज पुरोहित, मधुर श्रीवास्तव, जितेन्द्र नामदेव, राजेश कुमार, शिवेन्द्र देव, चेतन कुर्मी, डा सौरभ मेहता, दीपक नामदेव, शिवराम सिंह, सपना शर्मा, सुषमा राठौर, प्रीती समैया, भगवती अहिरवार सहित अनेक नोडल केंद्र प्रभारी उपस्थित थे।

विशाल जन कल्याण शिविर 10 को

गंजबासौदा। किसानों और आम नागरिकों की मूलभूत समस्याओं के त्वरित निराकरण तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनहितैषी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से 10 जुलाई को एलबीएस कॉलेज परिसर में विशाल जनकल्याण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे और नागरिकों की शिकायतों एवं आवेदनों का मौके पर ही निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को शिविर की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविर का उद्देश्य नागरिकों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत दिलाना और विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है।

नि:शुल्क नेत्र शिविर संपन्न

गंजबासौदा। नेत्र शिविर नागरिक समिति एवं सिंधी समाज के संयुक्त तत्वावधान में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ द्वारा लोकतंत्र सेनानी स्वर्गीय नेमीचंद जैन की प्रथम पुण्य स्मृति में उनकी पत्नी सरला जैन और उनके पुत्र संजय कुमार जैन, सिद्दार्थ कुमार जैन, चंद्रानन जैन, सौरभ जैन व परिवार के विशेष सहयोग से हितकारिणी धर्मशाला में सोमवार को नेत्र शिविर का निशुल्क कैंप आयोजित किया गया। समिति द्वारा परिवार के सदस्यों का सम्मान शाल श्रीफल और फूल माला पहनाकर किया गया। शिविर में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के नेत्र रोग विशेषज्ञ डाक्टर हरि प्रसाद, भोपाल से आए डॉक्टर हितेश नेचलानी एवं नीतू श्रीवास्तव, .कम्यूनिटी हेल्थ वर्कर दीपक कुशवाह द्वारा 76 मरीजों की ओपीडी की गई। जिसमें से 44 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए बस द्वारा सेवा सदन बैरागढ़ भेजा गया एवं 20 नेत्र रोगियों को जांच पश्चात निशुल्क दवाइयां दी गई तथा 12 नेत्र रोगियों को चश्मा बनवाने के लिए परामर्श दिया गया व दवाईयां वितरित की गईं। इस मौके पर नेत्र शिविर नागरिक समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

कांग्रेस ने स्मार्ट मीटर और भारी भरकम बिलों को लेकर सौंपा ज्ञापन

गंजबासौदा। नगर में स्मार्ट मीटर के चलते बिजली का भारी भरकम बिल आने पर पूर्व विधायक निशंक कुमार जैन के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम एसडीम अनुभा जैन को सौंपा। जिसमें कहा गया है कि गंजबासौदा की जनता को भारी भरकम बिलों का भुगतान किया जा रहा है। विभाग द्वारा इनका कोई संशोधन भी नहीं किया जा रहा है। साथ ही लाल पठार क्षेत्र में नागरिकों के बिना सूचना के विद्युत कनेक्शन काट दिए गए जिससे कि लाल पठार क्षेत्र की जनता में असमंजस की स्थिति बन गई। ज्ञापन में स्मार्ट मीटर की बाध्यता को खत्म करने के लिए सरकार से शीघ्र कार्रवाई करने की मांग करते हुए चेतावनी दी गई कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो जनता के साथ मिलकर कांग्रेस पार्टी उग्र जन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस दौरान बीडी शर्मा, लालाराम चंदेल, सुनील बाबू पिंगले, जगदीश व्यास , हरीश भावसार, राहुल ठाकुर, अनिल पाठक, सुरेश पाल, रघुवीर सिंह, अनिल विश्वकर्मा, प्रेम प्रजापति, विष्णु शर्मा, गौरव शर्मा, संदीप जैन, सुरेश पाल, विकास सेन, अपूर्व जैन, अभिनव शर्मा, प्रकाश अहिरवार, अभिषेक दीक्षित, अंशु अहिरवार सहित आम नागरिक और कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

108 फिट लंबा तिरंगा और जैन ध्वज लेकर चल रही यात्रा

श्री नेमी गिरनार धर्मयात्रा का नगर में हुआ प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विश्व जैन संगठन के तत्वावधान में आयोजित श्री नेमी गिरनार धर्म यात्रा का भव्य स्वागत नगर में जैन समाज द्वारा किया गया। स्थानीय श्री त्रिमूर्ति जिनालय से भव्य शोभा यात्रा, प्रारंभ हुई और नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री महावीर विहार पहुंची। शोभा यात्रा में गिरनार पर्वत की बड़ी संरचना और 108 फिट लंबा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा और 108 फिट लंबा पचरंगा जैन ध्वज आकर्षण का केंद्र रहा। वहीं जैन समाज के धर्मावलंबियों के अलावा अभय सेना के सदस्य एक सी भेष भूषा में शामिल हुए। विश्व जैन संगठन के संस्थापक संजय जैन ने बताया कि विगत 25 जून से यह यात्रा दिल्ली से प्रारंभ हुई जो कि देश के कई शहरों से होते हुए आगामी 20 जुलाई को गुजरात प्रांत के जूनागढ़ के पास स्थित श्री गिरनार सिद्ध क्षेत्र पर पहुंचेगी। यह धर्म यात्रा कुल 3100 किलोमीटर की दूरी तय कर श्री गिरनार सिद्ध क्षेत्र पहुंचेगी। विश्व जैन संगठन के आह्वान पर पूरे भारत से लाखों श्रद्धालु भगवान नेमीनाथ स्वामी की मोक्ष स्थली गिरनार पर्वत पर पहुंचकर भगवान नेमीनाथ स्वामी का मोक्ष कल्याणक मनाएंगे और निर्वाण लाडू समर्पित करेंगे। इस धर्म यात्रा का मुख्य उद्देश्य देश में जैन समाज को जागृत कर अधिक से अधिक संख्या में श्री गिरनार पर्वत पहुंचने के लिए प्रेरित करना है। देश में शुद्ध आहार, शाकाहार का प्रचार करना और प्रकृति के संरक्षण के लिए समाज को प्रेरित करना है।

नवीन पात्रता पर्ची वितरण में जनपद अव्वल

गंजबासौदा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के दौरान जिले में पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नवीन पात्रता पर्चियों का वितरण कार्य की गहन समीक्षा की गई है। जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने बताया है कि पात्रता धारी हितग्राहियों को लगातार पर्चियां जारी की जा रही हैं। सितंबर 2025 से जुलाई 2026 तक जिले के विभिन्न जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों में कुल 13,166 परिवारों को नवीन पात्रता पर्चियां जारी की गई हैं।

यह उपलब्धि प्रशासन द्वारा संचालित विशेष अभियान और सतत सत्यापन प्रक्रिया का परिणाम है। जारी आंकड़ों के अनुसार जनपद पंचायत गंजबासौदा ने सर्वाधिक 3,798 परिवारों को पात्रता पर्चियां जारी कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। नगरीय निकायों में नगर पालिका गंजबासौदा में 416 परिवारों को लाभ मिला। इस दौरान अनेक अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 का 39वां चरण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर नौलखी घाट पर आयोजित 39 वें चरण के स्वच्छता कार्यक्रम के साथ 'साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0' का सफल समापन हुआ। अभियान के अंतिम चरण में सीमित संख्या में श्रमदान दल के सदस्यों ने श्रमदान कर बेतवा नदी के प्रति अपनी सामाजिक एवं पर्यावरणीय जिम्मेदारी का परिचय दिया। दल के सदस्यों ने वर्षों से श्रद्धा, आस्था और अंधविश्वास के नाम पर नदी में प्रवाहित किए गए धार्मिक वस्त्र, प्लास्टिक निर्मित धार्मिक सामग्री, पूजन एवं हवन सामग्री के अवशेष, प्लास्टिक की थैलियां तथा अन्य अपशिष्ट को नदी की तलहटी से बाहर निकाला। यदि हमारी श्रद्धा नदियों को स्वच्छ, निर्मल और जीवनदायिनी बनाए रखने के लिए प्रेरित नहीं करती, तो हमें अपनी परंपराओं और व्यवहार पर गंभीरता से पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। लगातार पांच वर्षों एवं 39 सप्ताह से संचालित इस अभियान ने न केवल बेतवा नदी की स्वच्छता में उल्लेखनीय योगदान दिया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, जनजागरूकता और सामूहिक श्रमदान की सशक्त संस्कृति को भी समाज में स्थापित करने का कार्य किया। नियमित श्रमदान तथा समय-समय पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं स्वयंसेवी संगठनों की सहभागिता ने यह सिद्ध किया कि जनसहयोग, सतत प्रयास और सकारात्मक सोच के माध्यम से बड़े से बड़ा परिवर्तन भी संभव है।

समापन अवसर पर श्रमदान दल ने आगामी 'पौधारोपण अभियान 5.0' की घोषणा भी की। इस अभियान के अंतर्गत जनसहयोग से पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड अथवा उनकी लागत राशि एकत्रित की जाएगी, जबकि पौधों की व्यवस्था श्रमदान दल द्वारा की जाएगी। अभियान का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उनके संरक्षण और दीर्घकालिक संवर्धन को सुनिश्चित करना रहेगा, ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ, हरित और संतुलित पर्यावरण प्राप्त हो सके। साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 के समापन के साथ एक चरण अवश्य पूर्ण हुआ है, किंतु प्रकृति संरक्षण का संकल्प पहले से अधिक मजबूत हुआ है। अब यह जनआंदोलन नदी की स्वच्छता से आगे बढ़कर हरियाली के विस्तार की दिशा में कदम बढ़ाएगा। यही संदेश इस अभियान की सबसे बड़ी उपलब्धि है कि स्वच्छ नदी, हरित पर्यावरण और जागरूक समाज इन्हीं तीन आधारों पर एक स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध भविष्य का निर्माण संभव है।

साधु-संतों एवं जैन समाज के विरूद्ध असत्य और भ्रामक टिप्पणी का आरोप

धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाकर पूर्व केन्द्रीय मंत्री को भेजा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

जैन समाज की भावनाओं के सम्मान व जैन मुनियों की पिच्छी के संबंध में पूर्व केन्द्रीय मंत्री मेनका गांधी द्वारा दिए गए कथनों का स्पष्टीकरण एंव क्षमा याचना की मांग करते हुए जैन धर्म जैन साधु-संतो एवं जैन समाज के विरूद्ध असत्य भ्रामक मानहानिकारक एवं धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले सार्वजनिक वक्तब्य के संबंध में विधिक समस्त नोटिस देहन्दागण व दिगम्बर जैन समाज की भावनाओं को लेकर जैन समाज की वरिष्ठ नेता इंदौर हाईकोर्ट की अधिवक्ता प्रिया जैन ने न्याय के लिए न्यायालय की शरण ली।

वह अपने पक्षकार के साथ न्यायालय में न्याय की लड़ाई लडेंगी। इसको लेकर उन्होंने विधिवत पूर्व केन्द्रीय मंत्री मेनका गांधी को नोटिस दिया। जिसमें उन्होंने कहा कि एक सार्वजनिक जीवन से जुडी हुई प्रतिष्ठित व्यक्ति पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं सामाजिक कार्यकर्ता है जिसके कारण आपके वक्तव्यों का व्यापाक सामाजिक प्रभाव पड़ता है तथा जनता आपके कथनों को गंभीरता से ग्रहण करती है। हाल ही मेरे मुवक्किलगण और आप दिगम्बर जैन संत पूज्य आचार्य श्री सौरभ सागर महाराज जी के प्रवास के दौरान दिगम्बर जैन लाल मंदिर दिल्ली पहुंची तथा वहां पूज्य मुनिराजों द्वारा प्रयोग की जाने वाली पिच्छी (मोरपंख से निमित्त धामिक उपकरण) के संबंध में सार्वजनिक रूप से यह कथन किया कि जैन समाज द्वारा लाखों मोरों की हत्या करके उनके पंख प्राप्त किये जाते हैं तथा उन्हीं पंखों से पिच्छी बनाई जाती है। यह भी आरोपी लगाया कि लगभग 15 लाख मोरों की हत्या इस उद्देश्य से की गई है। आपका उक्त वक्तब्य पूर्णतः असत्य, निराधार, तथ्यहीन, भ्रामक एवं जैन धर्म की मूल शिक्षाओं के प्रतिकूल है जैन धर्म विश्व के प्राचीनतम एवं सर्वाधिक अहिंसात्मक धर्मों में से एक है जिसकी आधरशिला अहिंसा परमो धर्म के सिद्धांत पर आधारित है जैन साधु-संत सूक्ष्मतम जीवों की भी रक्षा वं कल्याण का संकल्प लेकर जीवन व्यतीत करते है। ऐसे धर्म एवं उसके संतों पर हिंसा का आरोप लगाना अत्यंत आ प त्ति ज न क दुर्भावनापूर्ण एवं निंदनीय है। सर्वविदित एव परम्परागत तथ्य है कि दिगम्बर जैन मुनियों द्वारा प्रयोग की जाने वाली पिच्छी उन मोरपंखों से निर्मित की

जाती है जो प्राकृतिक रूप से मोंरों द्वारा समय-समय पर स्वयं झड जाते हैं। जैन धर्म की मान्यताओं में किसी भी जीव को कष्ठ पहुँचाना अथवा उसकी हत्या करना पूर्णतः निषद्ध है। अतः पिच्छी निर्माण हेतु मोरों की हत्या किये जाने का आपका आरोप पूर्णतः मिथ्या एवं आधारहीन है। आपने बिना किसी वैधानिक अध्ययन विधिक आधार सरकारी विशेषज्ञ रिपोर्ट अथवा अन्य किसी विश्वसनीय प्रमाण के जैन समाज पर 15 लाख मोरों की हत्या जैसा अत्यंक गंभीर सनसनीखेज आरोप लगाया है। यदि आपके पास ऐसा कोई प्रमाण उपलब्ध है तो उसे सार्वजनिक रूप से प्रस्तुत किया जाना चाहिये था अन्यथा आपका यह वक्तब्य केवल भ्रम फैलाने धार्मिक भावनाओं को भडकाने तथा जैन समाज की प्रतिष्ठता को धूमिक करने का प्रयास मात्र है। आपके उक्त वक्तब्य से देश एवं विदेश में निवासरत करोडों जैन अनुयायियों की धार्मिक भावनाएँ गंभीर रूप से आहत हुई है। साथ ही जैन साधु-संतों की गरिमा प्रतिष्ठा एवं सामाजिक सम्मान को ठेस पहुँची है तथा समाज में उनके प्रति अनावश्यक संदेह एवं अविश्वास का वातावरण्ण उत्पन्न हुआ है। आपके द्वारा दिया गया उक्त वक्तब्य न केवल जैन धर्म जैन जैन साधु-संतों एवं जैन समाज के विरूद्ध अपमानजनक एवं मानहानिकारक एवं मानहानिकारक है, बल्कि इससे उन करोडों भारतीय नागरिकों की धार्मिक एवं सांस्कृतिक आस्थओं पर भी प्रतिकूल प्रभाव पडा है। जो मोरपंख को धार्मिक सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से पवित्र, मानते है।

आपके द्वारा बिना किसी सत्यान, शेध अथवा प्रमाणिक साक्ष्य के जैन धर्म एव उसकी प्राचीन परम्पराओं के संबंध में सार्वजनिक रूप से ऐसे गंभीर आरोप लगाए गए है। जिससे यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि आपने तथ्यों की समुचित जॉच पडताल किए बिना वक्तब्य दिया है। जैन समाज की धार्मिक मान्यताओं एवं प्रतिष्ठा को आघात पहुँचाने वाला वक्तव्य दिया है। एक सार्वजनिक व्यक्ति होने क नाते आप पर यह नैतिक सामाजिक एवं विधिक दायित्व था कि किसी भी धर्म सम्प्रदाय अथवा समुदाय के संबंध में सार्वजनिक टिपपडी करने से पूर्व तथ्यों का समुचित परीक्षण करते किन्तु आपने इस दायित्व का निर्वहन नहीं किया।

जैन धर्म भारत की प्राचीनतम आध्यात्मिक परम्पराओं में से एक है जिसने सम्पूर्ण विश्व को अहिंसा अपरिग्रह अनेकान्तवा करूणा एवं सह-अस्वित्तव का संदेश दिया है। जैन समाज सदैव जीव-दया र्यावरण संरक्षण एवं नैतिक मूलयों के संरक्षण हेतु समर्पित रहा है। जैन साधु संत अपने कठारे तप संयम एवं अहिंसात्मक जीवनचर्या के कारण संपर्ण संपूर्ण समाज में आद एवं सम्मान की दृष्टि से देखे जाते है ऐसे पूजनीय संतों के धार्मिक उपकरण एवं परम्पराओं पर बिनाकिसी आधार के आरोप लगाया उनकी गरिमा पर सीधा प्रहार है। आपके उक्त वक्तब्य के प्रसारण के पश्चात विभिन्न सोशल मीडिया मंचों एवं सार्वजनिक चर्चाओं में जैन धर्म एव जैन साधु-संतों के प्रति अनेक भ्रामक एवं अपमानजनक टिप्पणियां की गई जिससे जैन सम्रन की प्रतिष्ठा को व्यापाक क्षति पहुँची है। आपके द्वारा लगाये गये आरोपों ने देश एवं विदेश मे शिनवासरत जैन समाज के सदस्यों के मध्य गहरा आक्रोश एव पीड़ा एवं मानसिक व्यथा उत्पन्न की है तथा उन्हें अपने धर्म एवं धार्मिक परम्पराओं के संबंध में अनावश्यक स्पष्टीकरण देने के लिये विवश होना पड़ रहा है। जीव-दया पर्यावरण संरक्षण, पक्षी संरक्षण अहिंसा प्रचार गौ-सेवा शिक्षा स्वास्थ्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक संरक्षण नैतिक मूल्यों के संवर्धन तथ अन्य लोकहितकारी एवं धर्मार्थ योजनाओं में किया जाएगा जिससे समाज एवं राष्ट्र के व्यापाक हितों की पूर्ति हो सके। मेरे मुवक्किलगण न्यायालय में आपके विरूद्ध जाने से पूर्व आपको यह अंतिम अवसर प्रदान कर रहे है कि आप अन कथनों पर पुर्नविचार करते हुये सार्वजनिक रूप से क्षमा याचना करें तथा नीचे वर्णित मांगों का अनुपालन करें।

इस नोटिस की प्राप्ति से 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर अपने उक्त बयान को पूर्णतः एवं बिना शर्त वापस लें। राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्रों, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सोशल मीडिया प्लेटफार्म एवं अन्य सार्वजनिक माध्यमों पर बिना किसी शर्त के सार्वजनिक सार्वजनिक माध्यमों पर बिना किसी शर्त के सार्वजनिक लिखित एवं वीडियों माध्यम से क्षमा याचना प्रकाशित एवं प्रसारित करें। जैन धर्म जैन, साधु-संतों एवं जैन समाज के विरूद्ध लगाए गए आरोपों को असत्य, तथ्यहीन एव आधारहीन स्वीकार करते हुये सार्वजनिक स्पष्टीकरण जारी करें। भविष्य में किसी भी धर्म सम्प्रदाय अथवा समुदाय के संबंध में बिना पर्याप्त एव प्रामाणिक तथ्यों के इस प्रकार की टिप्पडी ना करने का लिखित आश्वासन प्रदान करें। अन्यथा नोटिस अवधि समाप्त होने पर मेरे मुवक्किलगण आपके विरूद्ध सक्षम न्यायालय में मानहानि क्षतिपूर्ति स्थायी निषेधाज्ञा सार्वजनिक माफीनामा प्रापत करने तथा भारतीय न्याय संहित 2023 एवं अन्य प्रासंगिक विधिक प्रावधानों के अंतर्गत दीवानी एवं आपराधिक कार्यवाहीं संस्थित करने हेतु स्वतंत्र रहेगे। जिसके समस्त व्यय दायित्व एवं परिणामों के लिये आप स्वयं उत्तरदायी होगी।

22 मरीजों को उपचार के लिए भोपाल रवाना किया

गढाकोटा । सागर जिले कि रहली विधानसभा से वरिष्ठ विधायक व पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने रविवार को क्षेत्र के 22 गंभीर मरीजों को उनके परिजनों और सहयोगियों सहित कुल 44 लोगों को एम्बुलेंस एवं बस के माध्यम से बेहतर उपचार के लिए भोपाल रवाना किया। मरीजों में हृदय रोग,कैंसर तथा लीवर संबंधी गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोग शामिल हैं। प्रस्थान से पूर्व गणनायक स्थित निज निवास पर भार्गव ने सभी मरीजों एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। भार्गव ने मरीजों को आश्वस्त किया कि उपचार के दौरान किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने सभी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए कहा कि जनसेवा ही उनके सार्वजनिक जीवन का सबसे बड़ा उद्देश्य है। पूर्व मंत्री ने बताया कि भोपाल स्थित उनके निवास पर सभी मरीजों एवं परिजनों के ठहरने, भोजन, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई है। सोमवार को सभी मरीजों को उनकी बीमारी के अनुसार भोपाल के विभिन्न विशेषज्ञ अस्पतालों में चिकित्सकीय परामर्श और उपचार के लिए भेजा जाएगा। पूर्व मंत्री भार्गव ने कहा कि मेरे लिए राजनीति का सबसे बड़ा उद्देश्य जनसेवा है। यदि किसी जरूरतमंद को बेहतर इलाज दिलाने में मैं सहयोग कर पाता हूं तो यही मेरे सार्वजनिक जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

कृषि विभाग से सेवानिवृत्त, स्थानांतरित अधिकारी कर्मचारियों का हुआ सम्मान

सागर। उपसंचालक कृषि द्वारा कृषि विभाग सागर से हाल ही में सेवानिवृत हुए अरविंद कुमार गुप्ता वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मालथौन संतोष कुमार जैन वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जैसीनगर जे एल विश्वकर्मा प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राहतगढ़, हरगोविंद विश्वकर्मा कृषि विस्तार अधिकारी खुरई, जे पी वंशकार कृषि विस्तार अधिकारी शाहगढ़, रंजीत सिंह ठाकुर कृषि विस्तार अधिकारी जैसीनगर का शाल, श्रीफल व प्रशस्ति पत्र से सम्मान कर विदाई दी गई। सागर जिले से भोपाल स्थानांतरित सहायक संचालक कृषि जितेंद्र सिंह राजपूत व नेहा सोहगौरा को उपसंचालक कृषि ने सेवा सम्मान पत्र देकर विदाई दी। सेवानिवृत्ति व स्थानांतरित अधिकारी कर्मचारी ने विभाग में लंबे समय के अनुभवों को साझा किया । विभाग से मिले अपनेपन व स्नेह के पलों को याद करते हुए सभी भावुक हुए । सहायक रसायन विशेषज्ञ एस बी सिंह, सहायक बीज परीक्षण अधिकारी संजय पाठक, सहायक संचालक कृषि सागर जय दत्त शर्मा, कुमुद बुनकर, अंकित रावत, अनुविभागीय कृषि अधिकारी सागर अनिल राय सहित संभागीय व जिला स्तर के समस्त कार्यालयीन स्टाफ ने भी सेवानिवृत्ति व स्थानांतरित अधिकारी/ कर्मचारियों का अभिनंदन कर विदाई दी।

108 एंबुलेंस ने तोड़े बिजली के तार

खुरई। संत कबरदास वार्ड में भूतेश्वर रेलवे फाटक के पास बीती रात एक 108 एंबुलेंस की टक्कर से बिजली के तार टूट गए। घटना के कारण कई घरों की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। एंबुलेंस चालक मौके से फरार हो गया। वार्ड के निवासी नितिन सिंह, दीपेंद्र और काजल ने बताया कि रात को एंबुलेंस एक मरीज को छोड़कर गली से निकल रही थी। इसी दौरान वह नीचे लटक रहे बिजली के तारों से टकरा गई, जिससे तार टूटकर गिर गए। जब तक स्थानीय लोग घरों से बाहर आते, चालक एंबुलेंस लेकर तेजी से फरार हो चुका था। लोगों ने बाइक से पीछा करने का प्रयास भी किया, लेकिन वह हाथ नहीं आया। निवासियों ने आशंका जताई कि यदि एंबुलेंस में मरीज होता तो करंट फैलने से बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद आसपास रहने वाले लोगों की भीड़ लग गई। बिजली आपूर्ति बाधित होने से वार्ड के लगभग 8 से 10 घरों में अंधेरा छा गया, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।जानकारी मिलते ही बिजली कंपनी के कर्मचारी मौके पर पहुंचे।कर्मचारियों ने टूटे हुए बिजली के तारों को जोड़ने और विद्युत आपूर्ति बहाल करने का कार्य तत्काल शुरू किया।

मांगों के निराकरण तक निगम कर्मचारियों का धरना 15वें दिन भी जारी

सागर। नगर पालिक निगम कर्मचारियों की लंबित समस्याओं एवं 13 सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर सभी कर्मचारी संगठनों द्वारा की जा रही अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन सोमवार को 15 वें दिन भी जारी रहा। पुराने एवं नये नगर निगम कार्यालय भवन परिसर में बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं संगठन पदाधिकारी एकत्रित होकर अपनी मांगों के समर्थन में धरने पर बैठे और निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा निगम प्रशासन की नींद खोलने, शंख, झालर ढोल बजाकर प्रदर्शन किया। धरना स्थल को संबोधित करते हुए नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव एवं सागर संभाग प्रभारी राजेश सिंह राजपूत, जिलाध्यक्ष शईदउद्दीन कुरैशी तथा कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेंद्र खटीक ने निगम प्रशासन पर कर्मचारियों की समस्याओं की लगातार अनदेखी करने का आरोप लगाया।

अतिक्रमण की मार: गलियां निगली अब घरों में घुस रहा है बरसाती पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

वार्ड 2 और 3 में अतिक्रमण ने हालात बद से बदतर कर दिए हैं। करीब 10 फीट चौड़ी गली और नाली पर कब्जा कर मकान खड़े कर दिए गए, जिसका खामियाजा अब आम जनता भुगत रही है। बरसात का पानी सीधे घरों में घुस रहा है, लेकिन जिम्मेदार प्रशासन आंख मूंदे बैठा है।

वार्ड नंबर 3 में जायदा बी के मकान की स्थिति सबसे ज्यादा भयावह है। बारिश का पानी में नाली में कचरा इकट्ठा हो गया जिससे आगे नाली पर अतिक्रमण होने से पानी नहीं निकल सका जायदा बी के कच्चे मकान में दो फिट पानी भर गया, जिससे बिजली का करंट फैलने का खतरा पैदा हो गया।

जान का जोखिम बढ़ने जायदा बी और उनकी बेटी को अपना घर छोड़कर रात भर बाहर रहने पर मजबूर होना पड़ा। एसडीएम ने रात में सूचना मिलने पर तुरंत नगर परिषद कर्मचारियों को पहुंचाया। सुबह प्रभारी सीएमओ सहित वार्ड पार्षद दीपक मेहर ने मौके पर पहुंचकर नाली की सफाई कराई। वार्ड के कृष्णा राजपूत, मनमोहन मीणा, जायदा बी का कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही। सवाल यह है कि आखिर कब तक अतिक्रमण की वजह से लोग यूं ही परेशान होते रहेंगे और प्रशासन चुप्पी साधे रहेगा? नागरिकों ने तुरंत अतिक्रमण हटाने और जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है। एसडीएम शमशाबाद अजय प्रताप सिंह पटेल का कहना है कि मौके पर पटवारी , नगर परिषद कर्मचारी को पहुंचाकर जांच कराकर अतिक्रमण को हटाया जाएगा।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ

वक्ताओं ने राष्ट्रवाद, एकात्मता और जनकल्याणकारी योजनाओं को बूथ स्तर तक पहुंचाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

भाजपा कार्यालय में सोमवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी एवं महान शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर जिला कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. मुखर्जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी के उद्घाटन के साथ हुआ।

जिला अध्यक्ष महाराज सिंह दांगी ने उद्बोधन देते हुए कार्यकर्ताओं से डॉ. मुखर्जी के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। विधायक मुकेश टंडन, उमाकांत शर्मा, हरि सिंह सप्रे, हरि सिंह रघुवंशी और सहित अन्य वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारों, राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए उनके योगदान को याद किया। जिला प्रभारी सीताराम यादव ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का राष्ट्र प्रथम का विचार आज भी करोड़ों कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन कर रहा है। सम्मेलन में आगामी समय में बूथ स्तर तक डॉ. मुखर्जी के विचारों एवं केंद्र-राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री रवि सोनी तथा आभार प्रदर्शन जिला मंत्री गायत्री रघुवंशी ने किया।

साहित्यिक गोष्ठी में समकालीन मुद्दों पर हुआ मंथन

विदिशा। प्रेरणा मंच की साहित्यिक गोष्ठी अध्यक्ष रेखा वर्मा के निवास में आयोजित हुई। डॉ. कमल चतुर्वेदी ने कहा कि भावात्मक विचार ही स्मृतियों के माध्यम से साकार होते हैं और साहित्य मानवीय अनुभूतियों की सशक्त अभिव्यक्ति है। उन्होंने अपनी कविता स्मृतियों की गठरी थामे हम कितने दर्द उठा लाए का पाठ किया। डॉ. नीरज कनौजिया, संतोष नामदेव, कुसुम सिंह तोमर, छाया नामदेव, नवनीता पाण्डेय, ज्योति जाधव और रेखा वर्मा ने अपनी रचनाओं के माध्यम से प्रकृति, सामाजिक विसंगतियों, धार्मिक स्थलों की मर्यादा और मानवीय संवेदनाओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। स्मिता तिवारी ने सिक्किम यात्रा के अनुभव साझा किए, जबकि प्रदीप जैन पारस ने गीत एवं मुक्तकों से समां बांध दिया। अंत में पारूल सक्सेना ने सभी साहित्यकारों का आभार व्यक्त करते हुए गोष्ठी को सफल बताया।

बच्चों में लिवर व आंत की बीमारियों पर विशेषज्ञों ने साझा की नई जानकारियां

आईएपी विदिशा की कार्यशाला में शिशु रोग विशेषज्ञों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) के नेशनल प्रेसिडेंशनल एक्शन प्लान के तहत गट और लिवर कैलीडोस्कोप विषय पर कार्यशाला हुई। इसमें विदिशा एवं आसपास के शिशु रोग विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यक्रम राष्ट्रीय आईएपी अध्यक्ष डॉ. नीलम मोहन की अनुशंसा पर आयोजित किया गया।

कार्यशाला में झांसी मेडिकल कॉलेज के डॉ. घनश्याम चौधरी ने नवजात एवं बच्चों में जिद्दी पीलिया और ट्रॉपिकल बीमारियों में लिवर की स्थिति, भोपाल के डॉ. राकेश

मिश्रा ने लिवर संक्रमण एवं लिवर फंक्शन टेस्ट, जबकि गांधी मेडिकल कॉलेज के डॉ. राजेश टिक्कस ने बच्चों में कब्ज, पाचन संबंधी समस्याओं और संतुलित पोषण पर व्याख्यान दिए।

आईएपी विदिशा अध्यक्ष डॉ. एमके जैन ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों में पेट दर्द, दस्त, कब्ज, जिद्दी पीलिया और लिवर संबंधी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। स्वस्थ आंत और स्वस्थ लिवर ही स्वस्थ बच्चे की पहचान है। उन्होंने कहा कि गट और लिवर एक-दूसरे से जुड़े हैं, इसलिए दोनों की बीमारियों को साथ समझना आवश्यक है। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज विदिशा की विभागाध्यक्ष डॉ. नीति अग्रवाल ने आईएपी की शैक्षणिक पहल की सराहना की। अंत में आईएपी सचिव डॉ. सुरेंद्र सोनकर ने सभी विशेषज्ञों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया तथा अतिथि वक्ताओं का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। कार्यशाला में शिशु रोग विशेषज्ञों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए।

लक्ष्मी तरू पर्यावरण संरक्षण के साथ औषधीय गुणों से भरपूर वृक्ष है : कपिल मलैया

सागर। डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के वैली कैंपस में सोमवार को विचार समिति द्वारा लक्ष्मी तरू के 50 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास का संदेश दिया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वाय.एस. ठाकुर ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में पिछले कुछ दिनों के दौरान 500 पौधे लगाए जा चुके हैं।

बरसते पानी में किसानों का शक्ति प्रदर्शन, रैली निकाल सौंपा ज्ञापन

मांगें पूरी नहीं होने पर धरना-प्रदर्शन और चक्काजाम की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

किसानों की समस्याओं और मांगों को लेकर किसान मजदूर महासंघ तथा भारतीय किसान संघ सोमवार को संयुक्त रूप से लामबंद हुए। दोनों संगठनों के बैनर तले किसानों ने बरसते पानी में कृषि उपज मंडी से ट्रैक्टर रैली निकालकर अपनी एकजुटता का प्रदर्शन किया। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई एसडीएम कार्यालय पहुंची, जहां किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम अलका सिंह को सौंपा।

ज्ञापन में पटवारियों को मुख्यालय पर निवास करने, सीमांकन के लंबित प्रकरणों का निराकरण करने तथा खेतों तक पहुंचने वाले शासकीय रास्तों से अतिक्रमण हटाने की मांग की। इसके अलावा चिचौली-कुअर पिपरिया मार्ग की शीघ्र मरम्मत, किसानों को प्रतिदिन 10 घंटे सिंचाई के लिए बिजली उपलब्ध कराने तथा ग्राम वर्धा की शासकीय भूमि से जुड़े कथित फर्जीवाड़े की निष्पक्ष जांच की मांग भी उठाई गई।

साथ ही कृषि उपज मंडी के आउटसोर्स कर्मचारियों का मंडी में संविलियन करने की मांग भी की गई। वहीं खाद वितरण की ई-टोकन व्यवस्था को समाप्त कर कृषि भूमि के आधार पर डीएपी व अन्य उर्वरक उपलब्ध कराने की मांग की गई।

सर्वजीत सिंह की गिरफ्तारी पर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज

अखिल भारतीय लोधी, लोधा, लोध महासभा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सर्वजीत सिंह ठाकुर (सागर) की गिरफ्तारी के विरोध में लोधी समाज ने एकजुट होकर मोर्चा खोल दिया है। समाज के पदाधिकारियों ने महामहिम राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर सर्वजीत सिंह को तुरंत रिहा करने और झूठे मुकदमे वापस लेने की मांग की है।

ज्ञापन में समाज के प्रतिनिधियों ने सागर जिला पुलिस की निष्पक्षता पर सवाल उठाए हैं। महासभा का आरोप है कि युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सर्वजीत सिंह ठाकुर को एक सोची-समझी रणनीति और राजनीतिक द्वेष भावना के तहत झूठे मुकदमों में फंसाकर गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा की गई यह त्वरित कार्रवाई पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित, दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि इस पूरे संवेदनशील मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए।

कार्यालय नगर पालिका परिषद रायसेन (म.प्र.)

क्र /570/ न.पा./ निर्माण/2025-26, -: ई-निविदा सूचना :- रायसेन, दिनांक 03.07.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक/ जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख)	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी	निविदा की अंतिम तिथि
01	2026_UAD_519355_1 Dt. 03.07.2026	Extension work of 110 mm dia pipe line from Ward No. 01 Narapura Shamshan Ghat to Ward No. 02 water tank	30Days & 18.58	2,000.00 & 13,950.00	Dt. 22.07.2026

नोटः निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

(श्रीमति सविता जमना सेन)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद रायसेन

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद रायसेन

रविवार-सोमवार की दरमियानी रात में कंटेनर ने 5 गायों को कुचला, मौत

प्रशासन ने हादसे से लिया सबक, अब सड़क पर बैठे हुए मवेशियों को हटाने बनेगी समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

भोपाल-विदिशा हाईवे-18 स्थित फैक्ट्री चौराहा दीवानगंज पर रविवार-सोमवार की दरमियानी रात करीब 12 बजे तेज रफ्तार कंटेनर ने चौराहे पर बैठी 5 गायों को कुचल दिया, जिससे उनकी मौत हो गई।

घटना की सूचना पर चौकी पुलिस मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्काल सलामतपुर थाना को सूचना देकर कंटेनर की घेराबंदी कराई। बैरिकेडिंग के दौरान चालक कंटेनर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने कंटेनर क्रमांक एमपी 40 जेडजी 7077 जब्त कर थाने में खड़ा करा दिया है तथा चालक की तलाश जारी है। ग्रामीण हेमंत साहू, निखिल साहू, इसराइल खान, अमित ठाकुर सहित अन्य लोगों ने मृत गायों के शव सड़क से हटाकर हलाली डैम पहुंचाए।

घटना की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम मनीष शर्मा, नायब तहसीलदार ललित सक्सेना, सलामतपुर थाना प्रभारी श्याम राज सिंह, चौकी प्रभारी सुनील शर्मा, प्रेम सिंह ठाकुर और सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश साहू सहित अन्य अधिकारियों ने दीवानगंज चौकी में बैठक कर हाईवे पर आवारा पशुओं की समस्या पर चर्चा की।

बैठक में मुकेश साहू ने बताया कि गीदगढ़ गौशाला तीन वर्ष पहले बनकर तैयार हो चुकी है, लेकिन बिजली और पानी की व्यवस्था नहीं होने से वहां पशुओं को नहीं रखा जा रहा है। इस पर एसडीएम ने तत्काल बिजली विभाग और पीएचई विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर व्यवस्थाएं जल्द कराने निर्देश दिए।

एसडीएम मनीष शर्मा ने बताया कि मंगलवार को विशेष बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें कोटवार, सहायक सचिव और पटवारी को हाईवे से आवारा पशुओं को हटाने की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। इसके अलावा एक समिति गठित की जाएगी तथा एक विशेष वाहन की व्यवस्था की जाएगी, जो सड़क पर घूम रहे पशुओं को पकड़ कर गौशाला पहुंचाएगा। रायसेन से भी सप्ताह में दो बार एक वाहन हाईवे-18 पर गश्त करेगा।